Class - VIII
Subject - HINDI
पाठ – 5 प्रायश्चित (भगवतीचरण वर्मा)

<u>मौखिक</u>

2. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

क. रामू की बहू घर में किससे घृणा करती थीं?

उत्तर रामू की बहू घर में कबरी बिल्ली से घृणा करती थीं।

ख. बहू ने एक कटोरा दूध का दरवाजे पर क्यों रखा?

उत्तर रामू की बहू कबरी बिल्ली से छुटकारा चाहती थीं। उसे मारने के लिए उसने दूध का कटोरा दरवाजे पर रखा। उसकी यह युक्ति काम कर गई। कबरी उसके जाल में फँस गई। उसे उस पर पाटा चलाने का अवसर मिल गया।

ग. कबरी के कारण रामू को कैसा भोजन मिल पाता था?

उत्तर कबरी के कारण रामू को रूखा–सूखा भोजन मिल पाता था।

घ. रामू की बहू कितने वर्ष की बालिका थीं?

उत्तर रामू की बहू चौदह वर्ष की बालिका थीं।

3. लिखित

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

क. कबरी बिल्ली रामू की बहू से क्यों प्यार करती थीं?

उत्तर रामू की बहू की थोड़ी–सी असावधानी के कारण कबरी बिल्ली को स्वादिष्ट व्यंजनों का लाभ हो रहा था। यह बात थी कि जबसे वह ससुराल आई थीं, प्रायः अच्छे व्यंजन पति को ध्यान में रखकर तैयार करती–करवाती थीं। अवसर मिलते ही कबरी बिल्ली उन्हें चट कर जाती थीं। संभवतः इसी कारण वह उससे प्यार करती थीं।

ख. रामू की बहू कबरी बिल्ली को क्यों मारना चाहती थीं?

उत्तर रामू की बहू घर में जो भी स्वादिष्ट व्यंजन बनवाती थीं, उसकी लाख सावधानी के बावजूद कबरी बिल्ली उसे चट कर जाती थीं। उसकी सास और पति को रूखा–सूखा भोजन ही मिल पाता था। सास की मीठी झिड़कियाँ भी सुननी पड़ती थी। कबरी से तंग आकर ही वह उसे मारना चाहती थीं।

ग. रामू के घर पड़ोस की औरतों का ताँता क्यों बँध गया?

उत्तर रामू की बहू के द्वारा बिल्ली की हत्या किए जाने की खबर पास–पड़ोस में बिजली की तरह फैल गई थीं। इसी कारण उसके घर पड़ोस की औरतों का ताँता बँध गया।

घ. रामू की बहू सिर झुकाए क्यों बैठी थीं?

उत्तर रामू की बहू ने आवेश में कबरी बिल्ली पर पाटा दे मारा था। वह बिना चीखे–चिल्लाए एकदम से पसर गई। इससे उस पर बिल्ली की हत्या का दोष लग गया। धार्मिक रूप से यह महापाप था। पास–पड़ोस की औरतों का ताँता बँध गया था। चारों तरफ से उस पर प्रश्नों की बौछार होने लगी थीं। अपराध बोध के कारण वह सिर झुकाए बैठी थीं।

ङ	पंडित परमसुख ने अपनी तोंद पर हाथ फेरते हुए क्या कहा?

उत्तर	पंडित परमसुख ने अपनी तोंद पर हाथ फेरते हुए कहा, "बिल्ली कितनी तोले की बनवाई जाए? अरे रामू की माँ, शास्त्रों में तो लिखा है कि बिल्ली के वजन भर सोने की बिल्ली बनवाई जाए। लेकिन अब कलियुग आ गया है, धर्म–कर्म का नाश हो गया है, श्रद्धा नहीं रही। सो रामू की माँ, बिल्ली के तोल भर की बिल्ली तो क्या बनेगी, क्योंकि बिल्ली बीस–इक्कीस सेर से कम क्या होगी। हाँ, कम–से–कम इक्कीस तोले की बिल्ली बनवाकर दान कर दो और आगे आपकी श्रद्धा।"

4.	मूल्यपरक प्रश्न

प्रश्न	पंडित परमसुख ने जो प्रायश्चित करने के लिए कहा था, वह पूरा क्यों नहीं हो सका?

उत्तर	पंडित परमसुख ने जो प्रायश्चित करने के लिए कहा था, वह पूरा नहीं हो सका। पंडित परमसुख और रामू की माँ के बीच प्रायश्चित हेतु पूजा–शुल्क एवं दान सामग्री तय होने के बाद पंडितजी उनसे बिल्ली बनवाने हेतु ग्यारह तोला सोना की माँग के साथ पूजा का सब प्रबंध करने के लिए कह ही रहे थे कि महरी हाँफती हुई आई। उससे यह जानकारी मिली कि "बिल्ली तो उठकर भाग गई।"

बात यह थी कि पसरी हुई बिल्ली जीवित है या नहीं, किसी ने इस पर ध्यान नहीं दिया। उसे मरी हुई मान लिया गया। परमसुखजी ने तो बहुत मंसूबे बाँध लिए थे। किन्तु जब बिल्ली उठकर भाग गई तो फिर हत्या की बात ही समाप्त हो गई। इस कारण प्रायश्चित पूरा नहीं हो सका।

5.	सही विकल्प के सामने शुद्ध (✓) का चिह्न लगाइए –

क.	कबरी बिल्ली सबसे अधिक प्यार किससे करती थी?

रामू की बहू से	रामू की सास से	रामू से

उत्तर	रामू की बहू से

ख.	रामू की बहू पर हत्या का दोष कैसे लगा?

रामू को मारने पर	बिल्ली को मारने पर	महरी को मारने पर

उत्तर	बिल्ली को मारने पर

ग.	कबरी कौन थी?

बिल्ली	घर की मुखिया	रामू की बहू

उत्तर	बिल्ली

घ.	लाला घासीराम की पतोहू ने किसे मार डाला?

कुत्ते को	बिल्ली को	चूहे को

उत्तर	बिल्ली को

ङ	अंत में पंडितजी ने बिल्ली कितने तोले की बनाने को कहा?

इक्कीस	ग्यारह	बीस

उत्तर	ग्यारह

6.	रिक्त स्थान भरिए।

क.	कबरी का <u>हौसला</u> बढ़ जाने से रामू की बहू का घर में रहना मुश्किल हो गया।

ख. एक दिन रामू की बहू ने रामू के लिए खीर बनाई।

ग. ताख की ऊँचाई अंदाजी और देखा रामू की बहू पान लगा रही है।

घ. दूध दरवाजे की देहरी पर रखकर चली गई।

ङ बिल्ली की हत्या की खबर बिजली की तरह पास–पड़ोस में फैल गई।

7. सही कथन के आगे सत्य और गलत के आगे असत्य लिखिए।

क.	रामू की बहू का खाना–पीना दुश्वार हो गया था।	सत्य
ख.	रामू की बहू ने खीर से भरी कटोरी आँगन में रखी थी।	असत्य
ग.	पंडित परमसुख चौबे छोटे–से मोटे–से आदमी थे।	सत्य
घ.	चाँदी की बिल्ली बनाकर बहू से दान करवा दीजिए।	असत्य
ङ	बिल्ली की हत्या बड़ा पाप है।	सत्य